आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 27.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट उपरान्त वेबिनार में और सुधारों तथा व्यापार सुगमता के लिए नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिया है।
- चम्पावत जिले में मां पूर्णागिरि मेला शुरू। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन देहरादून में वसंतोत्सव का शुभारम्भ किया।
- चीर बंधन के साथ बागेश्वर जिले में खड़ी होली की धूम।

-----------

**प्रधानमंत्री/वेबीनार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन के विस्तार के साथ देश रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त" विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधार की गति को बनाए रखने के लिए नीतिगत इरादों तक ही सीमित न रहकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स के व्यापक उपयोग के माध्यम से पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर दिया। श्री मोदी ने कहा कि वेबिनार को केवल विचारों के आदान–प्रदान का मंच नहीं बनाना चाहिए, बल्कि इसे मंथन सत्र में बदलना चाहिए।

**पूर्णागिरि मेला**

उत्तर भारत में प्रसिद्ध चम्पावत जिले का मां पूर्णागिरि मेला आज से शुरू हो गया है। जिला पंचायत के कैम्प कार्यालय ठुलीगाड़ में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मां पूर्णागिरी मेला वर्षभर चले इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की समृद्ध संस्कृति और मूल स्वरूप के संरक्षण व संवर्धन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

वहीं, मेला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। तीन महीनों तक चलने वाले इस मेले में प्रदेश के साथ ही उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान सहित पड़ोसी देश नेपाल से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन व पूजन के लिए आते हैं।

**मुख्यमंत्री निरीक्षण**

चम्पावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र स्थित छमनिया में लगभग 256 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन राज्य के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था और विभागीय अधिकारियों को सभी कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन फुटबॉल ग्राउंड, एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड, वॉलीबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक सहित अन्य खेल मैदानों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही खिलाड़ियों के लिए 300 बालिकाओं की क्षमता वाले छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, प्रशासनिक भवन, एकेडमिक ब्लॉक, मल्टीपर्पज हॉल, ऑडिटोरियम और गेस्ट हाउस के निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। श्री धामी ने कहा कि यह संस्थान प्रशिक्षण, शिक्षा और आवास की समग्र व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए विशेष रूप से ग्रामीण व पर्वतीय क्षेत्रों की प्रतिभाशाली बालिकाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करेगा।

**वसंतोत्सव**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन परिसर, देहरादून में आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न पुष्पों की भव्य प्रदर्शनी के साथ 'वसंतोत्सव' का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने डाक विभाग द्वारा "भोज पत्र" विषय पर जारी विशेष डाक आवरण के विमोचन के साथ ही डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। उन्होंने वसंतोत्सव में लगी पुष्प प्रदर्शनी और विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर प्रदर्शकों से जानकारी भी ली। तीन दिवसीय वसंतोत्सव में आज 15 विभिन्न श्रेणियों में 2 हजार 314 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वहीं, विभिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों ने 343 स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर राज्यपाल ने पुष्प प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ प्रदर्शित फूलों की गुणवत्ता, विविधता और सुगंध प्रकृति के अनुपम सौंदर्य को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव में युवाओं, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी उनकी रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता का परिचायक है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से परिवार सहित वसंतोत्सव में सहभागिता करने का आह्वान करते हुए इस आयोजन का लाभ उठाने का आग्रह भी किया।

**आवास सचिव निरीक्षण**

उत्तराखंड मेट्रो रेल परियोजना के तहत बनने वाले वाली पॉड टैक्सी योजना को लेकर आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने हरिद्वार में परियोजना के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने हरिद्वार, हर की पौड़ी, मोतीचूर आदि क्षेत्रों में बनने वाले संभावित स्टेशनों के स्थल का निरीक्षण किया। आवास सचिव ने बताया कि प्रस्तावित पॉड टैक्सी में 21 स्टेशन बनाए जाने हैं और इसकी लंबाई लगभग 20 किलोमीटर होगी। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं का ध्यान रखते हुए पॉड टैक्सी योजना को शीघ्र पूरा किया जाएगा।

**नयार घाटी महोत्सव**

पौड़ी गढ़वाल के बिलखेत में चल रहे तीन दिवसीय नयार घाटी महोत्सव के दूसरे दिन आज साहसिक गतिविधियों की शानदार शुरुआत हुई। आसमान में हॉट एयर बैलून, पैरामोटरिंग और टेंडम पैराग्लाइडिंग ने रंगीन छटा बिखेरी। वहीं, खिर्सू से बिलखेत तक आयोजित माउंटेन बाइकिंग प्रतियोगिता के तहत ऊँचे–नीचे दुर्गम पहाड़ी मार्गों पर साइकिल सवारों ने जोश और जज्बे के साथ चुनौतीपूर्ण ट्रैक को पार किया। इसके अलावा एंगलिंग, कयाकिंग और एडवेंचर जोन में युवाओं और पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ी। नयार नदी की लहरों पर संतुलन, साहस और तकनीक का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जहां प्रतिभागियों ने तीव्र जलधाराओं में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। एंगलिंग गतिविधि रोमांच और प्रकृति के अद्भुत संगम के रूप में उभर रही है। स्वच्छ व निर्मल नयार नदी की धाराओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभागी शामिल हुए।

**चीर बंधन/होली**

चीर बंधन के साथ ही बागेश्वर जिले में खड़ी होली की रंगारंग शुरुआत हो गई है। बागनाथ मंदिर में सुबह होल्यारों ने होली गीत कैलै बांधी चीर हो रघुनंदन राजा गाते हुए चीर बांधी। इससे पहले विधिवत पूजा–अर्चना कर भगवान शिव को अबीर, गुलाल और रंग अर्पण किया। इसके बाद होल्यारों ने बागनाथ मंदिर की परिक्रमा करते हुए होली गीत गाए। चीर बंधन के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में खड़ी होली गायन शुरू हो गया है। पुरुष, होल्यार टोली बनाकर घर–घर जाकर होली के रंग में रंग गए हैं।